प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

04.05.2026 / प्रादेशिक समाचार / 1800बजे

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने आज राज्य सचिवालय से नगर निगम शिमला के कचरा संग्रहण के 10 इलेक्ट्रिक वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस पहल के साथ नगर निगम शिमला राज्य का पहला शहरी स्थानीय निकाय बन गया है, जिसने चरणबद्ध तरीके से कचरा प्रबंधन के लिए इलेक्ट्रिक वाहनों की शुरुआत की है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश में ई–मोबिलिटी को बढ़ावा दे रही है और हिमाचल को देश का एक हरित राज्य बनाने के लिए अनेक कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान प्रदेश सरकार पर्यावरण संरक्षण सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है और पेट्रोल–डीजल की बढ़ती कीमतों के मद्देनजर इससे नगर निगम का खर्च भी कम होगा। इस अवसर पर ग्रामीण विकास व पंचायती राज मंत्री अनिरुद्ध सिंह, लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह और नगर व ग्राम नियोजन मंत्री राजेश धर्माणी सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे।

परीक्षा परिणाम

प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड ने आज 12वीं कक्षा का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया है। विज्ञान, कला और वाणिज्य तीनों संकायों का परीक्षा परिणाम 92 दशमलव शून्य–दो प्रतिशत रहा। इस वर्ष कुल 81 हज़ार 4 सौ 17 परीक्षार्थियों में से 74 हज़ार 6 सौ 37 विद्यार्थी सफल रहे, जबकि 3 हज़ार 71 की कंपार्टमेंट आई है। कांगड़ा ज़िला के भवारना स्थित पी.एम.श्री राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के छात्र अंशित कुमार ने 99 दशमलव 2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रदेशभर में पहला स्थान हासिल किया है। इसी तरह कांगड़ा के एक निजी स्कूल की छात्रा शायला कश्यप और सिरमौर ज़िले के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पच्छाद की आरूषि ने संयुक्त रूप से 99 प्रतिशत अंक लेकर दूसरा स्थान हासिल किया है। धर्मशाला के राजकीय मॉडल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय दाड़ी की छात्रा शाम्या बर्जातया ने 98 दशमलव 8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तीसरा स्थान हासिल किया है।

मतगणना

असम, पश्चिम बंगाल, केरलम, तमिलनाडु और पुद्दुचेरी में विधानसभा चुनाव की मतगणना जारी है। अब तक के रूझानों के अनुसार पश्चिम बंगाल, असम और पुद्दुचेरी में भारतीय जनता पार्टी ने निर्णायक बढ़त बना ली है जबकि तमिलनाडू में टीवीके और केरलम में यूडीएफ आगे चल रही है। इस बीच चार राज्यों और एक केंद्र शासित प्रदेश में विधानसभा चुनावों के परिणाम घोषित होने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज शाम नई दिल्ली स्थित भाजपा मुख्यालय में पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करेंगे।

भाजपा

प्रदेश भाजपा ने 3 राज्यों के विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की ऐतिहासिक जीत पर शिमला स्थित पार्टी मुख्यालय में जश्न मनाया। प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष विपिन परमार ने इस जीत के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह को बधाई देते हुए कहा कि ये जीत सुशासन, विकास और राष्ट्रहित की राजनीति पर जनता की मुहर है। उन्होंने कहा कि ये जीत केवल चुनावी सफलता नहीं, बल्कि जनता का विश्वास और भाजपा की विचारधारा की विजय है। भाजपा के वरिष्ठ नेता व पूर्व मुख्यमंत्री प्रोफैसर प्रेम कुमार धूमल ने पश्चिम बंगाल, असम और पुद्दुचेरी में भाजपा की शानदार विजय पर देशभर के पार्टी कार्यकताओं, पदाधिकारियों और समर्थकों को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि ये जीत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में बढ़ते जन–विश्वास, राष्ट्रवादी सोच और भाजपा कार्यकर्ताओं की अथक मेहनत का परिणाम है।

दुर्घटना

सिरमौर जिले के संगड़ाह उपमंडल में पिऊ ललाणी भलोना सड़क पर आज एक कार के गहरी खाई में गिरने से चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि चालक गंभीर रूप से घायल है। मृतकों की पहचान भलौना स्कूल की मुख्य शिक्षिका अमरा देवी और उनकी 14 वर्षीय बेटी अराध्या, ऊँचा टिक्कर की 14 वर्षीय प्रियंका और कजवा के 62 वर्षीय सज्जन सिंह के रूप में हुई है। चालक को प्राथमिक

उपचार के बाद मेडिकल कॉलेज नाहन रेफर किया गया है। प्रशासन की ओर से मृतकों के परिजनों को 25—25 हजार रुपए की फौरी राहत जारी की गई है।

जनगणना

जनगणना 2027 के लिए चंबा ज़िला में नियुक्त 32 फील्ड प्रशिक्षकों को तकनीकी व व्यावहारिक पहलुओं पर जानकारी व आवश्यक दिशा—निर्देश प्रदान करने के लिए आज चंबा में 3 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू हुआ। उपायुक्त व ज़िला जनगणना अधिकारी मुकेश रेपसवाल ने बताया कि ये जनगणना पहली बार डिजिटल माध्यम से की जा रही है।

....